BRIC a DBT Organization
ब्रिक–ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान
thsti
BRIC-Translational Health Science and Technology Institute
(An Institute of the Biotechnology Research and Innovation Council, Govt. of India)
NCR Biotech Science Cluster, 3rd Milestone, Faridabad – Gurugram Expressway,
P.O. Box No. 04, Faridabad-121001 (Haryana), India

भर्ती नोटिस सं.: टीएचएस/आरएन/24/2026 **दिनांक: 16 नवंबर 2026**

वैज्ञानिक पदों पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

1. ब्रिक-ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (ब्रिक-टीएचएसटीआई), जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान एवं नवाचार परिषद (ब्रिक) का एक संस्थान है। बुनियादी, नैदानिक एवं कार्यान्वयन अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों में चिकित्सा, विज्ञान इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी के समन्वय के माध्यम से, ब्रिक-टीएचएसटीआई शैक्षणिक एवं औद्योगिक भागीदारों के साथ मिलकर जैव-चिकित्सकीय अनुसंधान के निष्कर्षों को जन-स्वास्थ्य संबंधी नवाचारों के रूप में व्यावहारिक उपयोग में लाने की दिशा में कार्य करता है। इसका उद्देश्य भारत सहित वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक वंचित लोगों के स्वास्थ्य में सुधार लाना है।

2. ब्रिक-टीएचएसटीआई ने अनुसंधान एवं प्रयोगशाला कर्मचारियों की सुव्यवस्थित एवं सु-प्रशिक्षित टीमों के सहयोग से विभिन्न संस्थानों के साथ अनेक सहयोगात्मक संबंध स्थापित किए हैं तथा औद्योगिक क्षेत्र के साथ सुदृढ़ जुड़ाव विकसित किया है। ब्रिक-टीएचएसटीआई ने विभिन्न केंद्रों की स्थापना की है, जिनमें प्रमुख रूप से निम्नलिखित शामिल हैं: (क) मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र, (ख) विषाणु अनुसंधान, चिकित्सा एवं टीका केंद्र, (ग) क्षय रोग अनुसंधान केंद्र, (घ) सूक्ष्मजीव अनुसंधान केंद्र, (ङ) प्रतिरक्षा जीवविज्ञान एवं प्रतिरक्षा चिकित्सा केंद्र, (च) नैदानिक विकास सेवा एजेंसी, (छ) संगणकीय एवं गणितीय जीवविज्ञान केंद्र तथा (ज) जैव-अभिकल्पना एवं निदान केंद्र। इन केंद्रों को अनेक अत्याधुनिक केंद्रीय सुविधाओं द्वारा सुदृढ़ बनाया गया है, जिनमें जैव-परीक्षण प्रयोगशाला, जैव-संग्रहण केंद्र, जैव-सुरक्षा स्तर-3 प्रयोगशाला, प्रतिरक्षा विज्ञान केंद्रीय प्रयोगशाला, मल्टी-ओमिक्स सुविधा, प्रायोगिक पशु सुविधा तथा टीका अभिकल्पना एवं विकास सुविधा शामिल हैं। ये सुविधाएँ ब्रिक-टीएचएसटीआई, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र जैव-प्रौद्योगिकी विज्ञान क्लस्टर तथा अन्य शैक्षणिक एवं औद्योगिक भागीदारों के अनुसंधान कार्यक्रमों के लिए महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में कार्य करती हैं। ब्रिक-टीएचएसटीआई अपने पीएचडी कार्यक्रम, स्कूल ऑफ इनोवेशन बायोडिज़ाइन तथा स्कूल ऑफ क्लिनिकल रिसर्च के माध्यम से वैज्ञानिक नेतृत्व की अगली पीढ़ी को प्रशिक्षित करता है। इसके साथ ही, बहु-विषयक शैक्षणिक एवं औद्योगिक भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देता है ।

3. ब्रिक-टीएचएसटीआई ने 'मेडिकल रिसर्च सेंटर (एमआरसी)' की स्थापना की है तथा एकीकृत पूर्व-उत्पाद विकास सुविधा के रूप में 'एक्सेलरेटेड प्रोडक्टाइजेशन एंड पैंडेमिक प्रिपेयर्डनेस एक्सीलेंस सेंटर' (ऐपेक्स केंद्र) को क्रियाशील बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। एमआरसी उन्नत नैदानिक अनुसंधान को सहयोग प्रदान करता है, जिसमें प्रारंभिक चरण के नैदानिक परीक्षण, नियंत्रित मानव संक्रमण अध्ययन तथा कोशिका एवं जीन थेरेपी शामिल हैं।। ऐपेक्स केंद्र 1,00,000 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में स्थापित एक सुविधा है, जिसे अनुसंधान के प्रारंभिक निष्कर्षों से लेकर उत्पाद विकास तक टीकों, जैविक उत्पादों, उपचार संबंधी उत्पादों एवं नैदानिक उत्पादों के विकास को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से अभिकल्पित किया गया है। इसमें प्रीक्लिनिकल तथा पायलट-

स्केल प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट अध्ययन भी शामिल हैं। प्रारंभिक नैदानिक परीक्षणों के लिए आवश्यक उत्पादों की आपूर्ति को सहयोग प्रदान करने हेतु भविष्य में एक पायलट गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज (जीएमपी) सुविधा स्थापित करने की भी योजना है। ऐपेक्स केंद्र विभिन्न व्यावसायिक एवं परिचालन मॉडलों के अंतर्गत उद्योग जगत तथा शैक्षणिक प्रयोगशालाओं के साथ सहयोगात्मक परियोजनाओं के संचालन हेतु एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में कार्य करेगा। किसी महामारी अथवा अन्य जन-स्वास्थ्य आपातकाल की स्थिति में, संपूर्ण ऐपेक्स केंद्र को महामारी संबंधी तैयारी एवं त्वरित प्रतिक्रिया के लिए एक राष्ट्रीय सुविधा के रूप में सक्रिय किया जाना प्रस्तावित है। एमआरसी एवं ऐपेक्स केंद्र, दोनों मिलकर ब्रिक-टीएचएसटीआई में ट्रांसलेशनल अनुसंधान के लिए एक विशिष्ट एवं विशेष मंच उपलब्ध कराएंगे ।.

4. नियमित वैज्ञानिक पदों को भरने हेतु भारतीय नागरिकता रखने वाले उपयुक्त अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्रम सं.	**पद का नाम**	**रिक्तियों सहित श्रेणी**	**वेतन स्तर**	**मासिक परिलब्धियाँ (वर्तमान दरों के अनुसार प्रारंभिक मूल वेतन + महँगाई भत्ता + मकान किराया भत्ता + यात्रा भत्ता + नियोक्ता का** NPS **अंशदान**)
a.	वैज्ञानिक-H	UR - 1	15	₹3,99,092
b.	वैज्ञानिक-G	UR - 1	14	₹3,17,080
c.	वैज्ञानिक-F	UR - 2	13A	₹2,88,808
d.	वैज्ञानिक-E	UR-3; OBC-2; SC-1	13	₹2,71,542

संक्षिप्ताक्षर: - UR - अनारक्षित, OBC - अन्य पिछड़ा वर्ग गैर-क्रीमी लेयर), SC - अनुसूचित जाति

<u>नोट: यद्यपि</u> उपर्युक्त पद बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों (PwBD) के लिए आरक्षित नहीं हैं, तथापि निम्नलिखित श्रेणियों के दिव्यांगजनों के लिए उपयुक्त चिह्नित हैं:

(क) चलन-संबंधी दिव्यांगता-OA, OL, OAL, जिसमें कुष्ठ रोग से उपचारित व्यक्ति, बौनापन एवं तेजाब हमले के पीड़ित शामिल हैं;

(ख) कम सुनने वाले (HH);

(ग) अल्प दृष्टि (LV);

(घ) (क) से (ग) में उल्लेखित श्रेणियों के व्यक्तियों में से बहु-दिव्यांगता वाले व्यक्ति, बधिर-अंधता को छोड़कर।

5. वेतन एवं अन्य लाभ :

क) नियमानुसार देय सामान्य वेतन एवं भत्तों के अतिरिक्त चयनित अभ्यर्थी परिसर में अर्ध-सुसज्जित आवास (मकान किराया भत्ते के स्थान पर), चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति, टेलीफोन व्यय की प्रतिपूर्ति, समाचार-पत्र भत्ता, बच्चों की शिक्षा भत्ता, अवकाश यात्रा रियायत, NPS अंशदान, परिवहन भत्ता तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों हेतु सहायता आदि लाभों के पात्र होंगे, जो भारत सरकार/ब्रिक-टीएचएसटीआई के नियमों के अनुसार देय होंगे।

ख) नियुक्ति के प्रारंभिक वर्षों में नई प्रयोगशाला अथवा सुविधा स्थापित करने हेतु अधिकतम ₹1.00 करोड़ तक का अनुसंधान प्रारंभिक अनुदान प्रदान किया जा सकता है।

ग) नियुक्त व्यक्ति अन्य वैज्ञानिकों, पोस्ट-डॉक्टोरल शोधार्थियों एवं पीएचडी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेगा।

घ) नियुक्त व्यक्ति को विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी वित्तपोषण एजेंसियों से बाह्य अनुसंधान वित्तपोषण प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

ङ) नियुक्त व्यक्ति को संस्थान में उपलब्ध अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों तथा ब्रिक-टीएचएसटीआई के अन्य संबंधित केंद्रों एवं संस्थानों के अनुसंधान निष्कर्षों तक पहुँच प्राप्त होगी।

च) नियुक्त व्यक्ति संस्थान की ओर से परामर्श सेवाएँ प्रदान कर सकेगा तथा संस्थान के उपनियमों के अनुसार परामर्श शुल्क का एक भाग अपने पास रख सकेगा।

6. पद के अनुसार भर्ती का विवरण:

6.1. <u>वैज्ञानिक-H (डीन-नैदानिक अनुसंधान एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी-MRC)</u>

क) पदों की संख्या - 1 (UR)

ख) वेतनमान - स्तर-15 (₹1,82,200-2,24,100/-)

ग) भर्ती की विधि - सीधी भर्ती द्वारा, ऐसा न होने पर प्रतिनियुक्ति-सह-आमेलन अथवा अल्पकालिक संविदा पर प्रतिनियुक्ति।

घ) आयु सीमा - सीधी भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष तथा प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के लिए अधिकतम आयु सीमा 58 वर्ष ।

ङ) सीधी भर्ती हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव -

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विशेषज्ञता में एमडी ; तथा अनुसंधान संस्थान/विश्वविद्यालय/उद्योग में उत्तरदायित्वपूर्ण उच्च पद पर अर्हता-पश्चात न्यूनतम 12 वर्ष के साथ उच्चस्तरीय प्रकाशित अनुसंधान और/अथवा स्थापित उपयोगिता वाली प्रौद्योगिकियों का अनुभव होना चाहिए ।

च) वांछनीय शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव -

i. किसी प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान या अनुसंधान संस्थान या उद्योग में विभागाध्यक्ष के रूप में कम से कम दो (2) वर्षों का अनुभव होना चाहिए। साथ ही, विशेषज्ञता के क्षेत्र में नवीन ज्ञान सृजित करने, नवाचारों को नई प्रक्रियाओं या उत्पादों में परिवर्तित करने तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों और उद्योगों के साथ नेटवर्क स्थापित करने की सिद्ध क्षमता होनी चाहिए।

ii. क्लिनिकल रिसर्च सेंटर, मेडिकल रिसर्च सेंटर, क्लिनिकल ट्रायल यूनिट अथवा समकक्ष अनुसंधान कार्यक्रम के नेतृत्व या प्रबंधन में कम से कम दो वर्षों का अनुभव होना चाहिए।

iii. क्लिनिकल रिसर्च, क्लिनिकल ट्रायल, महामारी विज्ञान, जन स्वास्थ्य अथवा अनुसंधान नैतिकता के क्षेत्र में अतिरिक्त शैक्षणिक या व्यावसायिक योग्यता होनी चाहिए, जिसमें संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, फेलोशिप अथवा पीएचडी शामिल हो सकती है।

iv. क्लिनिकल ट्रायल के डिजाइन, संचालन एवं पर्यवेक्षण, अनुसंधान नैतिकता, गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस, अनुसंधान प्रतिभागियों की सुरक्षा तथा क्लिनिकल रिसर्च की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के क्षेत्र में व्यापक अनुभव होना चाहिए।

v. बहुविषयक एवं बहु-केंद्रित अनुसंधान परियोजनाओं के प्रबंधन का अनुभव होना चाहिए। इसमें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य सेवा संगठनों तथा औद्योगिक भागीदारों के बीच समन्वय स्थापित करना शामिल है।

vi. क्लिनिकल रिसर्च के लिए परिचालन संबंधी ढाँचा स्थापित करने का अनुभव होना चाहिए, जिसमें अनुसंधान प्रोटोकॉल का विकास, अनुसंधान प्रशासन एवं निगरानी, नियामक नियमों का अनुपालन तथा अनुसंधान के निष्कर्षों को नैदानिक चिकित्सा पद्धति में लागू करना शामिल है।

छ) प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति

केंद्र सरकार/ राज्य सरकार/विश्वविद्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा सरकार द्वारा वित्तपोषित अनुसंधान संगठनों/संस्थानों के वैज्ञानिक, निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने के अधीन नियुक्ति के पात्र होंगे:

i) सीधी भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएँ रखते हों।

ii) निम्नलिखित में से कोई एक शर्त पूरी करते हों:

(a) अपने मूल कैडर में नियमित आधार पर समकक्ष पद पर कार्यरत हों; अथवा

(b) संबंधित क्षेत्र में लेवल-14 (Level-14) में नियमित सेवा के कम से कम 3 वर्ष पूर्ण कर चुके हों।

ज) कार्य-विवरण :

i. मेडिकल रिसर्च सेंटर की सभी गतिविधियों के लिए समग्र नैदानिक, वैज्ञानिक एवं परिचालन संबंधी नेतृत्व प्रदान करना। इसके अंतर्गत प्राथमिकताएँ निर्धारित करना तथा केंद्र के विभिन्न कार्यक्रमों, टीमों, बुनियादी सुविधाओं एवं बाहरी साझेदारियों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करना शामिल है।

ii. एमआरसी की सुविधाओं एवं सेवाओं की स्थापना, संचालन प्रारंभ करने तथा उनके प्रभावी कार्यान्वयन एवं सुचारु संचालन की योजना बनाना और उसकी निगरानी करना। इसके लिए उद्योग एवं अन्य भागीदारों के साथ सहयोगात्मक व्यवस्थाएँ विकसित करना, जिसमें आवश्यकतानुसार क्लिनिकल रिसर्च, क्लिनिकल फार्माकोलॉजी, प्रारंभिक चरण के अध्ययन तथा नियंत्रित मानव संक्रमण अध्ययन शामिल हैं ।

iii. प्रेक्षणात्मक एवं अनुवर्ती अध्ययनों, कोहोर्ट अध्ययन तथा क्लिनिकल ट्रायल का नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण करना। साथ ही, उचित प्रशासनिक व्यवस्था, नैतिकता एवं नियामक नियमों का

अनुपालन, गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस (GCP), प्रतिभागियों की सुरक्षा, डेटा की अखंडता तथा गुणवत्ता प्रणालियों को सुनिश्चित करना।

iv. टीकों, उपचारात्मक दवाओं, निदान संबंधी तकनीकों एवं अन्य स्वास्थ्य हस्तक्षेपों के मूल्यांकन को आगे बढ़ाने के लिए शैक्षणिक, नैदानिक, सरकारी एवं औद्योगिक भागीदारों के साथ बहुविषयक तथा बहु-केंद्रित अनुसंधान कार्यक्रमों एवं सहयोगात्मक साझेदारियों का विकास करना।

****

6.2. वैज्ञानिक- जी (ऐपेक्स केंद्र के प्रमुख)

क) पदों की संख्या - 1 (UR)

ख) वेतनमान - स्तर-14 (₹1,44,200-2,18,200/-)

ग) भर्ती की विधि - सीधी भर्ती द्वारा, ऐसा न होने पर प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) द्वारा

घ) आयु सीमा - सीधी भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष तथा प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के लिए अधिकतम आयु सीमा 58 वर्ष ।

ङ) सीधी भर्ती हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव -

i) जीवन विज्ञान/ जैव प्रौद्योगिकी/ जैव रसायन/ रसायन विज्ञान/ संगणकीय जीवविज्ञान/ औषधि विज्ञान/ आणविक जीवविज्ञान/ कृषि विज्ञान/ पादप विज्ञान अथवा संबंधित विषय में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पीएचडी; **अथवा** रासायनिक/जैव-चिकित्सा/औषधि इंजीनियरिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग अथवा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पीएचडी, अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विशेषज्ञता में एमडी / एमडीएस/ एमविएससी ;

ii) किसी अनुसंधान संस्थान/विश्वविद्यालय/उद्योग में उच्च उत्तरदायित्व वाले पद पर अर्हता-पश्चात् न्यूनतम दस (10) वर्षों के अनुभव के साथ उत्पाद विकास एवं सहयोग में प्रमाणित कार्य-अनुभव होना चाहिए तथा/अथवा ऐसी प्रौद्योगिकियों के विकास का अनुभव होना चाहिए, जिनकी उपयोगिता स्थापित हो चुकी हो और जिन्हें व्यावसायिक रूप से उपलब्ध कराया गया हो अथवा नैदानिक उपयोग क्षेत्रीय उपयोग /में लाया गया हो।

च) वांछनीय शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव -

i. बहुविषयक विशेषज्ञता रखने वाले तथा नेतृत्व के क्षेत्र में सिद्ध अनुभव एवं पृष्ठभूमि वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

ii. ट्रांसलेशनल रिसर्च, दवाओं अथवा जैविक उत्पादों के विकास, डायग्नोस्टिक्स के विकास, फार्मास्यूटिकल उत्पाद विकास, नियामक मामलों, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, बौद्धिक संपदा

प्रबंधन, कानूनी अथवा व्यावसायिक वार्ताओं या उत्पादों के व्यावसायीकरण के क्षेत्र में अतिरिक्त योग्यता, विशेष प्रशिक्षण अथवा व्यावसायिक विकास संबंधी अनुभव होना चाहिए।

iii. अनुसंधान संबंधी नवाचारों अथवा आविष्कारों को उपयोगिता सिद्ध करने वाले उत्पादों, प्रौद्योगिकियों या समाधानों में परिवर्तित करने का प्रमाणित अनुभव होना चाहिए। विशेष रूप से दवाओं एवं उपचारात्मक उत्पादों, जैविक उत्पादों अथवा निदान संबंधी तकनीकों के क्षेत्र में अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।

iv. उत्पाद विकास एवं उत्पादन क्षमता का विस्तार, प्रक्रिया विकास, प्रौद्योगिकी सत्यापन, नियामक रणनीति, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, लाइसेंसिंग, व्यावसायिक वार्ताओं अथवा उद्योगों के साथ साझेदारी का अनुभव होना चाहिए।

v. अभ्यर्थियों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थानों तथा उद्योगों के साथ सहयोग स्थापित करने हेतु नवीन व्यावसायिक मॉडल विकसित करने और ऐसे सहयोगों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने की क्षमता भी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, किसी इन्क्यूबेशन सेंटर, उत्कृष्टता केंद्र अथवा उद्योग के अंतर्गत किसी व्यावसायिक इकाई के संचालन का पूर्व अनुभव वांछनीय होगा ।

छ) प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति

केंद्र सरकार/ राज्य सरकार/विश्वविद्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा सरकार द्वारा वित्तपोषित अनुसंधान संगठनों/संस्थानों के वैज्ञानिक, निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने के अधीन नियुक्ति के पात्र होंगे:

i) सीधी भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएँ रखते हों।

ii) निम्नलिखित में से कोई एक शर्त पूरी करते हों:

(a) अपने मूल कैडर में नियमित आधार पर समकक्ष पद पर कार्यरत हों; अथवा

(b) संबंधित क्षेत्र में स्तर-13A/13 में क्रमशः 2/3 वर्ष की नियमित सेवा रखते हों।

ज) कार्य-विवरण :-

i. ऐपेक्स के लिए समग्र रणनीतिक, वैज्ञानिक एवं परिचालन संबंधी नेतृत्व प्रदान करना। इसके अंतर्गत उत्पाद विकास से पूर्व की एकीकृत सुविधाओं एवं कार्यक्रमों की योजना बनाना, उनकी स्थापना करना, संचालन प्रारंभ करना तथा उनका प्रभावी संचालन सुनिश्चित करना शामिल है।

ii. ऐपेक्स की सुविधाओं की स्थापना, आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित करने तथा उनके संचालन के लिए उद्योग एवं अन्य भागीदारों के साथ सहयोगात्मक मॉडल विकसित करना और लागू करना। इसमें साझा बुनियादी ढाँचा, तकनीकी क्षमताएँ, मानव संसाधन, गुणवत्ता प्रणालियाँ तथा सतत सेवा एवं उत्पाद विकास संबंधी गतिविधियाँ शामिल होंगी।

iii. अनुसंधान से प्राप्त प्रारंभिक निष्कर्षों को प्रमाणित प्रक्रियाओं, प्रोटोटाइप तथा संभावित उत्पादों में परिवर्तित करने की प्रक्रिया का नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण करना। इसके अंतर्गत मोनोक्लोनल

एंटीबॉडी, जीवित जैव-चिकित्सीय उत्पाद, टीके, उपचारात्मक उत्पाद, mRNA, जीनोमिक एवं आणविक निदान किट, IVD निर्माण सहायता तथा बायो-एस्से से संबंधित कार्यक्रमों का समन्वय करना शामिल है।

iv. उत्पाद विकास की व्यवहार्यता का आकलन, प्रक्रिया एवं सेल-लाइन विकास, अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम प्रोसेसिंग, विश्लेषणात्मक विशेषता निर्धारण, उत्पादन क्षमता का विस्तार तथा प्रायोगिक स्तर पर उत्पादन के कार्यों का मार्गदर्शन करना। साथ ही, गुणवत्ता, जैव-सुरक्षा, नियामक अनुपालन एवं विनिर्माण संबंधी तैयारी सुनिश्चित करना तथा उद्योगों, शैक्षणिक संस्थानों, स्टार्टअप्स एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के साथ मजबूत साझेदारियाँ विकसित करना।

v. यह सुनिश्चित करना कि ऐपेक्स एक वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर एवं परिचालन की दृष्टि से कुशल इकाई के रूप में कार्य करे तथा उत्पाद विकास से संबंधित निर्धारित लक्ष्यों, परिणामों एवं दायित्वों को समयबद्ध तरीके से पूरा करे।

vi. महामारी अथवा अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की स्थिति में, ब्रिक / डीबीटी एवं संबंधित राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संपूर्ण ऐपेक्स को महामारी की तैयारी एवं प्रतिक्रिया के लिए एक राष्ट्रीय सुविधा के रूप में परिवर्तित करने का नेतृत्व करना। इस दौरान लागू जैव-सुरक्षा, गुणवत्ता एवं नियामक मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करना।.

****

6.3. वैज्ञानिक- एफ

क) पदों की संख्या - 2 (UR)

ख) वेतनमान - स्तर-13A (₹1,31,100-2,16,600/-)

ग) भर्ती की विधि - सीधी भर्ती द्वारा, ऐसा न होने पर प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) द्वारा

घ) आयु सीमा - सीधी भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष तथा प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के लिए अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष ।

ङ) सीधी भर्ती हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव -

i) जीवन विज्ञान/ जैव प्रौद्योगिकी/ जैव रसायन/ रसायन विज्ञान/ संगणकीय जीवविज्ञान/ औषधि विज्ञान/ आणविक जीवविज्ञान/ कृषि विज्ञान/ पादप विज्ञान अथवा संबंधित विषय में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पीएचडी; **अथवा** रासायनिक/जैव-चिकित्सा/औषधि इंजीनियरिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग अथवा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पीएचडी;

अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विशेषज्ञता में एमडी / एमडीएस/ एमविएससी;

ii) किसी अनुसंधान/ शिक्षण संस्थान/विश्वविद्यालय/उद्योग में उच्च उत्तरदायित्व वाले पद पर अर्हता-पश्चात न्यूनतम 08 वर्ष के अनुभव के साथ उच्चतम मानकों के अनुरूप प्रकाशित अनुसंधान कार्य और/अथवा स्थापित उपयोगिता वाली प्रौद्योगिकियों के विकास का अनुभव होना चाहिए ।.

च) वांछनीय शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव -

i. निम्नलिखित में से एक या अधिक क्षेत्रों में प्रमाणित विशेषज्ञता अथवा व्यापक अनुसंधान अनुभव होना चाहिए: पशु सुविधा प्रबंधन, एंटीबॉडी की खोज, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग, बायो-डिजाइन एवं डायग्नोस्टिक्स, क्लिनिकल फार्माकोलॉजी, कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी/ बायोइन्फॉर्मेटिक्स, औषधि खोज रसायन विज्ञान, इम्यूनोलॉजी, मेडिसिनल केमिस्ट्री, माइक्रोबियल बायोथेरेप्यूटिक्स की खोज एवं विकास, सूक्ष्मजीव विज्ञान, माइक्रोबायोम अनुसंधान, सिंथेटिक बायोलॉजी और वायरल वैक्सीन प्रौद्योगिकियाँ ।
ii. जैव-चिकित्सा एवं जैव-प्रौद्योगिकी अनुसंधान के संबंधित क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान सुविधाओं, प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म, विशेष प्रयोगशालाओं अथवा बहुविषयक अनुसंधान कार्यक्रमों की स्थापना, विकास या प्रबंधन का अनुभव होना चाहिए।
iii. नवीन जैव-चिकित्सीय उत्पादों, उपचारात्मक दवाओं, निदान संबंधी तकनीकों अथवा अनुसंधान समाधानों की खोज, सत्यापन एवं विकास के लिए उन्नत वैज्ञानिक पद्धतियों, प्रयोगात्मक मॉडलों, कम्प्यूटेशनल टूल्स तथा उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के विकास एवं अनुप्रयोग का प्रमाणित अनुभव होना चाहिए।
iv. जैव-प्रौद्योगिकी, जैव-चिकित्सा विज्ञान एवं स्वास्थ्य सेवा के संबंधित क्षेत्रों में प्रीक्लिनिकल अनुसंधान, ट्रांसलेशनल रिसर्च, प्रौद्योगिकी सत्यापन तथा नवीन खोजों के संभावित अनुप्रयोगों के मूल्यांकन का अनुभव होना चाहिए।
v. राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान संगठनों, स्वास्थ्य सेवा संस्थानों, जैव-प्रौद्योगिकी कंपनियों तथा उद्योगों को शामिल करते हुए बहुविषयक अनुसंधान सहयोग एवं साझेदारियाँ विकसित करने का अनुभव होना चाहिए।
vi. संबंधित विषयों में अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता, विशेष प्रशिक्षण अथवा व्यावसायिक विकास का अनुभव होना चाहिए। इसमें जैव-चिकित्सा अनुसंधान के उभरते हुए प्रौद्योगिकी क्षेत्रों एवं अंतर्विषयक विषयों में उन्नत प्रशिक्षण भी शामिल है।

छ) प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति

केंद्र सरकार/ राज्य सरकार/विश्वविद्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा सरकार द्वारा वित्तपोषित अनुसंधान संगठनों/संस्थानों के वैज्ञानिक, निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने के अधीन नियुक्ति के पात्र होंगे:

i) सीधी भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएँ रखते हों।

ii) निम्नलिखित में से कोई एक शर्त पूरी करते हों:

(a) अपने मूल कैडर में नियमित आधार पर समकक्ष पद पर कार्यरत हों; अथवा

(b) संबंधित क्षेत्र में स्तर-13/12 में क्रमशः 2/6 वर्ष की नियमित सेवा रखते हों।

ज) कार्य-विवरण :-

i. संबंधित विशेषज्ञता के क्षेत्र में एक स्वतंत्र एवं उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान कार्यक्रम का विकास एवं संचालन करना, जो ब्रिक-टीएचएसटीआई के ट्रांसलेशनल हेल्थ रिसर्च के उद्देश्य तथा आवंटित केंद्र अथवा सुविधा की आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

ii. सहयोगात्मक एवं बहुविषयक अनुसंधान की रूपरेखा तैयार करना और उसका संचालन करना। साथ ही, स्वास्थ्य से संबंधित अनुसंधान निष्कर्षों, विधियों, प्रौद्योगिकियों अथवा उत्पादों की खोज, सत्यापन एवं व्यावहारिक अनुप्रयोग के विकास में योगदान देना।

iii. अनुसंधान के निष्कर्षों को उच्च प्रभाव वाले सहकर्मी-समीक्षित प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिकाओं में प्रकाशित करना। आवश्यकतानुसार बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त करने तथा बाह्य अनुसंधान वित्तपोषण हासिल करने के प्रयास करना। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों, नैदानिक संस्थानों तथा औद्योगिक भागीदारों के साथ सहयोगात्मक संबंध विकसित करना।

iv. अनुसंधान कर्मचारियों, पोस्ट-डॉक्टोरल शोधार्थियों तथा पीएचडी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण करना। साथ ही, ब्रिक-टीएचएसटीआई की अनुसंधान सुविधाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विकास तथा उनके प्रभावी उपयोग में योगदान देना।

****

6.4. वैज्ञानिक- ई

क) पदों की संख्या - 6 (UR-3, OBC-2, SC-1)

ख) वेतनमान - स्तर-13 (₹1,23,100-2,15,900/-)

ग) भर्ती की विधि - सीधी भर्ती द्वारा, ऐसा न होने पर प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) द्वारा

घ) आयु सीमा - सीधी भर्ती के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष तथा प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के लिए अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष ।

ङ) सीधी भर्ती हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव -

i) जीवन विज्ञान/ जैव प्रौद्योगिकी/ जैव रसायन/ रसायन विज्ञान/ संगणकीय जीवविज्ञान/ औषधि विज्ञान/ आणविक जीवविज्ञान/ कृषि विज्ञान/ पादप विज्ञान अथवा संबंधित विषय में किसी

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पीएचडी; **अथवा** रासायनिक/जैव-चिकित्सा/औषधि इंजीनियरिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग अथवा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पीएचडी; **अथवा** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विशेषज्ञता में एमडी / एमडीएस/ एमविएससी;

ii) किसी अनुसंधान/ शिक्षण संस्थान/विश्वविद्यालय/उद्योग में उच्च उत्तरदायित्व वाले पद पर अर्हता-पश्चात न्यूनतम 05 वर्ष के अनुभव के साथ उच्चतम मानकों के अनुरूप प्रकाशित अनुसंधान कार्य और/अथवा स्थापित उपयोगिता वाली प्रौद्योगिकियों के विकास का अनुभव होना चाहिए ।

च) वांछनीय शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव -

i. निम्नलिखित में से एक या अधिक क्षेत्रों में प्रमाणित विशेषज्ञता अथवा व्यापक अनुसंधान अनुभव होना चाहिए: पशु सुविधा प्रबंधन, एंटीबॉडी की खोज, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग, बायो-डिजाइन एवं डायग्नोस्टिक्स, क्लिनिकल फार्माकोलॉजी, कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी/ बायोइन्फॉर्मेटिक्स, औषधि खोज रसायन विज्ञान, इम्यूनोलॉजी, मेडिसिनल केमिस्ट्री, माइक्रोबियल बायोथेरेप्यूटिक्स की खोज एवं विकास, सूक्ष्मजीव विज्ञान, माइक्रोबायोम अनुसंधान, सिंथेटिक बायोलॉजी और वायरल वैक्सीन प्रौद्योगिकियाँ ।
ii. जैव-चिकित्सा एवं जैव-प्रौद्योगिकी अनुसंधान के संबंधित क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान सुविधाओं, प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म, विशेष प्रयोगशालाओं अथवा बहुविषयक अनुसंधान कार्यक्रमों की स्थापना, विकास या प्रबंधन का अनुभव होना चाहिए।
iii. नवीन जैव-चिकित्सीय उत्पादों, उपचारात्मक दवाओं, निदान संबंधी तकनीकों अथवा अनुसंधान समाधानों की खोज, सत्यापन एवं विकास के लिए उन्नत वैज्ञानिक पद्धतियों, प्रयोगात्मक मॉडलों, कम्प्यूटेशनल टूल्स तथा उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के विकास एवं अनुप्रयोग का प्रमाणित अनुभव होना चाहिए।
iv. जैव-प्रौद्योगिकी, जैव-चिकित्सा विज्ञान एवं स्वास्थ्य सेवा के संबंधित क्षेत्रों में प्रीक्लिनिकल अनुसंधान, ट्रांसलेशनल रिसर्च, प्रौद्योगिकी सत्यापन तथा नवीन खोजों के संभावित अनुप्रयोगों के मूल्यांकन का अनुभव होना चाहिए।
v. राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान संगठनों, स्वास्थ्य सेवा संस्थानों, जैव-प्रौद्योगिकी कंपनियों तथा उद्योगों को शामिल करते हुए बहुविषयक अनुसंधान सहयोग एवं साझेदारियाँ विकसित करने का अनुभव होना चाहिए।
vi. संबंधित विषयों में अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता, विशेष प्रशिक्षण अथवा व्यावसायिक विकास का अनुभव होना चाहिए। इसमें जैव-चिकित्सा अनुसंधान के उभरते हुए प्रौद्योगिकी क्षेत्रों एवं अंतर्विषयक विषयों में उन्नत प्रशिक्षण भी शामिल है।

छ) प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति

केंद्र सरकार/ राज्य सरकार/विश्वविद्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अथवा सरकार द्वारा वित्तपोषित अनुसंधान संगठनों/संस्थानों के वैज्ञानिक, निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने के अधीन नियुक्ति के पात्र होंगे:

i) सीधी भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएँ रखते हों।

ii) निम्नलिखित में से कोई एक शर्त पूरी करते हों:

(a) अपने मूल कैडर में नियमित आधार पर समकक्ष पद पर कार्यरत हों; अथवा

(b) संबंधित क्षेत्र में स्तर-12 में 05 वर्ष की नियमित सेवा रखते हों।

ज) कार्य-विवरण :-

i. संबंधित विशेषज्ञता के क्षेत्र में एक स्वतंत्र एवं उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान कार्यक्रम का विकास एवं संचालन करना, जो क-टीएचएसटीआई के ट्रांसलेशनल हेल्थ रिसर्च के उद्देश्य तथा आवंटित केंद्र अथवा सुविधा की आवश्यकताओं के अनुरूप हो

ii. सहयोगात्मक एवं बहुविषयक अनुसंधान की रूपरेखा तैयार करना और उसका संचालन करना। साथ ही, स्वास्थ्य से संबंधित अनुसंधान निष्कर्षों, विधियों, प्रौद्योगिकियों अथवा उत्पादों की खोज, सत्यापन एवं व्यावहारिक अनुप्रयोग के विकास में योगदान देना।

iii. अनुसंधान के निष्कर्षों को उच्च प्रभाव वाले सहकर्मी-समीक्षित प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिकाओं में प्रकाशित करना। आवश्यकतानुसार बौद्धिक संपदा अधिकार प्राप्त करने तथा बाह्य अनुसंधान वित्तपोषण हासिल करने के प्रयास करना। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान संस्थानों, नैदानिक संस्थानों तथा औद्योगिक भागीदारों के साथ सहयोगात्मक संबंध विकसित करना।

iv. अनुसंधान कर्मचारियों, पोस्ट-डॉक्टोरल शोधार्थियों तथा पीएचडी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण करना। साथ ही, ब्रिक-टीएचएसटीआई की अनुसंधान सुविधाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विकास तथा उनके प्रभावी उपयोग में योगदान देना।

****

7. <u>भर्ती की विधि :</u>

क) सीधी भर्ती तथा प्रतिनियुक्ति/ आमेलन, दोनों माध्यमों के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदक भर्ती पोर्टल पर इच्छित माध्यम का उल्लेख करें।

ख) दोनों माध्यमों के लिए पात्र तथा दोनों से विचार किए जाने के इच्छुक अभ्यर्थी प्रत्येक माध्यम हेतु अलग आवेदन प्रस्तुत करें।

ग) लागू भर्ती नियमों के अनुसार प्रारंभ में पद सीधी भर्ती से भरे जाएंगे।

घ) प्रतिनियुक्ति/आमेलन के आवेदकों पर तभी विचार होगा जब सीधी भर्ती से कोई उपयुक्त अभ्यर्थी पैनलबद्ध न हो। प्रतिनियुक्ति की शर्तें DoPT OM सं. 6/8/2009-Estt.(Pay-II), दिनांक 17.06.2010 तथा समय-समय पर संशोधित प्रावधानों के अनुसार होंगी ।

8. <u>सामान्य नियम व शर्तें</u>:

क) सभी शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं तकनीकी योग्यताएँ मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से प्राप्त होनी चाहिए।

ख) सरकारी/PSU/स्वायत्त निकायों में कार्यरत अभ्यर्थी उचित माध्यम से आवेदन भेजें तथा वर्तमान नियोक्ता का NOC संलग्न करें, जिसमें प्रमाणित हो कि कोई अनुशासनात्मक/सतर्कता मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है और अभ्यर्थी सतर्कता की दृष्टि से स्पष्ट है।

ग) प्रतिनियुक्ति/आमेलन के अभ्यर्थी उचित माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी, अनुलग्नक-1 के अनुसार नियोक्ता प्रमाण-पत्र तथा पिछले पाँच वर्षों की APAR प्रस्तुत करें। यदि AWR रखी जाती है तो पिछले पाँच वर्षों की AWR भी दें। आवेदन की प्रति एवं सहायक दस्तावेज सीलबंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट से प्रशासन- प्रमुख, ब्रिक-टीएचएसटीआई, एनसीआर बायोटेक साइंस क्लस्टर, फरीदाबाद-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे, फरीदाबाद-121001 (हरियाणा), भारत को भेजें। लिफाफे पर आवेदन संख्या, विज्ञापन संख्या एवं पद का नाम अंकित करें।

घ) अनुभव की गणना पद हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद अर्जित अनुभव से होगी। आवेदन से पूर्व अभ्यर्थी स्वयं पात्रता सुनिश्चित करें। पात्रता संबंधी परामर्श हेतु पूछताछ स्वीकार नहीं की जाएगी।

ङ) अनिवार्य योग्यताएँ न्यूनतम हैं; केवल इन्हें धारण करने से लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

च) हिंदी/अंग्रेजी से भिन्न भाषा के दस्तावेज के साथ राजपत्रित अधिकारी अथवा नोटरी द्वारा सत्यापित अंग्रेजी अनुवाद अपलोड करें।

छ) ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आयु, अनिवार्य योग्यता एवं/अथवा अनुभव के निर्धारण हेतु निर्णायक तिथि होगी।

क्र. सं.	**श्रेणी**	**अधिकतम आयु सीमा में छूट**
i.	अनुसूचित जाति	5 वर्ष
ii.	अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर)	3 वर्ष
iii.	बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति (सामान्य/OBC/SC)	10/13/15 वर्ष
iv.	भूतपूर्व सैनिक (ESM)	5 वर्ष, यदि कम-से-कम 5 वर्ष सैन्य सेवा की हो

SC/OBC हेतु आयु छूट केवल इन श्रेणियों के लिए आरक्षित पदों पर लागू होगी।

झ) पद संस्थान की आवश्यकता एवं उपयुक्त अभ्यर्थी की उपलब्धता के आधार पर भरा जाएगा। अधिक आवेदन प्राप्त होने पर उच्चतर/प्रासंगिक योग्यता, कॉन्सेप्ट नोट एवं अनुभव के आधार पर स्क्रीनिंग कर अभ्यर्थियों की संख्या सीमित की जा सकती है।

ञ) केवल शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु बुलाया जाएगा।

ट) भर्ती सूचना से संबंधित सभी परिणाम/अधिसूचनाएँ केवल संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित होंगी। अभ्यर्थी ब्रिक-टीएचएसटीआई की वेबसाइट नियमित रूप से देखें।

ठ) चयन प्रक्रिया से संबंधित आगामी पत्राचार केवल ई-मेल से होगा।

ड) सीधी भर्ती द्वारा प्रारंभिक नियुक्ति पर सभी पदों के लिए दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि अनिवार्य है।

ढ) इस अधिसूचना में शामिल न किए गए प्रावधानों के संबंध में ब्रिक-टीएचएसटीआई के उपनियम/भारत सरकार के नियम एवं दिशानिर्देश लागू होंगे।

ण) किसी भी प्रकार से अनुचित प्रभाव डालना अथवा गलत जानकारी देना अयोग्यता का आधार होगा।.

9. उपरोक्त तालिका में उल्लिखित पद के लिए आवेदन कैसे करें:

9.1 ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले तैयार रखे जाने वाले दस्तावेज़ **(पासपोर्ट आकार के फोटो एवं हस्ताक्षर को छोड़कर सभी दस्तावेज PDF प्रारूप में होने चाहिए।)**

क) अधिकतम दो पृष्ठों का **मौलिक कॉन्सेप्ट नोट**, जिसमें प्रासंगिक पूर्व कार्य एवं ब्रिक-टीएचएसटीआई में प्रस्तावित योगदान का सार हो। इसमें अनुभव की प्रासंगिकता तथा संस्थान के उद्देश्यों एवं ट्रांसलेशनल अनुसंधान मार्ग से उसका संबंध स्पष्ट करें। प्रस्ताव स्वयं के विचारों एवं शब्दों में हो; जनरेटिव AI का उपयोग, यदि किया जाए, तो केवल भाषा-संपादन तक सीमित हो। चयन प्रक्रिया में प्रस्ताव की व्याख्या एवं औचित्य प्रस्तुत करना होगा।

ख) पासपोर्ट आकार के फोटो एवं हस्ताक्षर की सॉफ्ट कॉपी (JPEG/JPG/PNG)।

ग) योग्यताओं, धारित पदों, व्यावसायिक अनुभव/विशिष्ट उपलब्धियों आदि सहित विस्तृत CV।

घ) मैट्रिकुलेशन प्रमाण-पत्र (दसवीं के समकक्ष)/अंकतालिका।

ङ) इंटरमीडिएट प्रमाण-पत्र (बारहवीं के समकक्ष)/अंकतालिका।

च) स्नातक उपाधि प्रमाण-पत्र/अंकतालिका।

छ) स्नातकोत्तर उपाधि प्रमाण-पत्र/अंकतालिका।

ज) पीएचडी उपाधि प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)।

झ) प्रासंगिक अनुभव प्रमाण-पत्र।

ञ) सरकारी/PSU/स्वायत्त निकायों में कार्यरत अभ्यर्थियों के लिए वर्तमान नियोक्ता का अग्रेषण-पत्र/NOC।

ट) भारत सरकार के नवीनतम निर्धारित प्रारूप में जाति/दिव्यांगता प्रमाण-पत्र।

b) ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया:

क) पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट **https://thsti.res.in/en/Jobs** पर ऑनलाइन आवेदन करें। अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं होंगे।

ख) **निम्नलिखित चरणबद्ध प्रक्रिया अपनाई जाएगी।**

i. चरण 1 - आवेदक का विवरण;
ii. चरण 2 - दस्तावेज अपलोड करना;
iii. चरण 3 - आवेदन शुल्क का भुगतान।

ग) भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग/UPI से किया जा सकता है।

घ) भुगतान के बाद कोई सुधार/संशोधन संभव नहीं होगा।

ङ) भविष्य के संदर्भ हेतु अनंतिम रसीद की प्रति सुरक्षित रखें।

च) जमा किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं होगा।

छ) देय शुल्क का विवरण नीचे दर्शाए अनुसार है। :

अनारक्षित एवं OBC अभ्यर्थी	Rs. 1500/- (स्तर-13A एवं उससे नीचे के लिए) Rs. 2000/- (स्तर-14 एवं 15 के लिए)

नोट: अनुसूचित जाति (SC)/(ST)/ महिला/ भूतपूर्व सैनिक (Ex-SM)/बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति (PwBD) श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्रदान की गई है।

ज) आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने पर संदर्भ संख्या सहित स्वचालित ई-मेल भेजा जाएगा। भविष्य के पत्राचार हेतु संदर्भ संख्या सुरक्षित रखें।

झ) डैशबोर्ड के प्रिंट बटन से ऑनलाइन आवेदन की प्रति प्रिंट कर सुरक्षित रखें।

ञ) अभ्यर्थी विज्ञापन के सभी पात्रता मानदंड पूरे करना सुनिश्चित करें। भर्ती प्रक्रिया में अपात्र पाए जाने पर अभ्यर्थिता रद्द होगी। नियुक्ति के बाद ऐसा पाए जाने पर नियमानुसार प्रक्रिया के बाद सेवा समाप्त की जा सकती है।

ट) अपूर्ण आवेदन सीधे निरस्त होंगे तथा इस संबंध में पत्राचार स्वीकार नहीं होगा।

ठ) केवल तकनीकी प्रश्नों हेतु त्रुटि के स्क्रीनशॉट सहित **facultyrecruitment@thsti.res.in** पर ई-मेल भेजें।

10. महत्वपूर्ण तिथियाँ:

विवरण	**तिथि**
रोजगार समाचार में विज्ञापन का प्रकाशन	28.11.2026
राष्ट्रीय दैनिक समाचार-पत्रों में संक्षिप्त विज्ञापन का प्रकाशन	21.11.2026
वेबसाइट पर विज्ञापन का प्रकाशन	16.11.2026
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	17.01.2027
आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि *(केवल प्रतिनियुक्ति/आमेलन के लिए)*	25.01.2027

सरकार ऐसा कार्यबल विकसित करने के लिए प्रयासरत है जिसमें लैंगिक संतुलन परिलक्षित हो; महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

***नोट:* इस विज्ञापन के अंग्रेजी संस्करण और इसके हिंदी अनुवाद के बीच किसी भी प्रकार की भिन्नता या असंगति पाए जाने पर, इस विज्ञापन का अंग्रेजी संस्करण ही मान्य और वैध होगा।**

-हस्ताक्षरित-
प्रमुख-प्रशासन

नियोक्ता प्रमाण-पत्र

(कृपया पैरा 8(ग) देखें)

प्रमाणित किया जाता है कि डॉ./श्री/श्रीमती _____ द्वारा आवेदन-पत्र में प्रस्तुत विवरण हमारे अभिलेखों के अनुसार सही हैं तथा वे भर्ती सूचना सं. THS/RN/24/2026 में उलेखित शैक्षणिक योग्यताएँ एवं अनुभव रखते/रखती हैं।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि:

1. कर्मचारी के विरुद्ध कोई सतर्कता/अनुशासनात्मक मामला लंबित अथवा विचाराधीन नहीं है।

2. उनकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।

3. पिछले पाँच वर्षों की उनकी ACR/ APAR/ AWR की विधिवत सत्यापित प्रतियाँ संलग्न हैं।

4. पिछले दस वर्षों में उन पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति अधिरोपित नहीं की गई है; अथवा इस अवधि में अधिरोपित शास्तियों की सूची संलग्न है।

5. संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी को आवेदक की उक्त पद हेतु उम्मीदवारी पर विचार किए जाने में कोई आपत्ति नहीं है तथा नियुक्ति होने पर उन्हें तीन माह के भीतर संगठन से कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

स्थान: _____

दिनांक: _____

संस्था प्रमुख के हस्ताक्षर

(कार्यालय की मुहर)

नाम: .....

पदनाम: .....

दूरभाष सं.: .....

ई-मेल: .....

संलग्नकों की सूची:

1. _____
2. _____
3. _____
4. _____
5. _____

========== दस्तावेज़ समाप्त ==========